# खटकड़ टोल कर्मियों पर मारपीट, दुर्व्यवहार का आरोप

उचाना/जींद, 17 जून (हप्र)

राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 352 पर स्थित खटकड़ टोल पर टोल टैक्स को लेकर गाड़ी चालक के साथ मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि इस मामले में पुलिस को किसी तरह की कोई शिकायत नहीं दी गई है,लेकिन इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें व्यक्ति द्वारा उसके साथ किए गए दुर्व्यवहार, मारपीट की जानकारी दी जा रही है।

उचाना थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया की अभी तक उनके पास इस मामले में कोई शिकायत नहीं आई है। फिर भी वह अपने स्तर पर मामले की जांच करवाएंगे। टोल टैक्स पर कार्यरत सिक्योरिटी गार्ड राममेहर ने बताया कि दो युवक थे, साथ में महिलाए भी गाड़ी में थी। गाड़ी का फास्ट टैक ब्लैक लिस्ट था। ब्लैक लिस्ट होने पर जो गाड़ी चला रहा था, उसने बूथ पर बैठे कर्मचारी के साथ हाथापाई की कोशिश की। कर्मचारी ने कहा कि आपकी गाड़ी ब्लैक लिस्ट है, आप ऑफिस में जाकर चैक कर लो। वो ऑफिस में जाने के बाद ब्लैक लिस्ट देख कर आया। इसके बाद टोल की पर्ची कटवा कर वो चले गए। मारपीट के आरोप झूठे हैं।

### वायरल वीडियो में लगाये आरोप

वायरल हुए वीडियो में झज्जर निवासी अभिजीत द्वारा बताया जा रहा है कि शुक्रवार को अपने साथी के साथ संगरूर की तरफ जाने की बात कह रहा है। गांव खटकड़ टोल पर टोल कर्मियों ने उन्हें रूकवा लिया। फास्ट टैग में पैसे कम होने पर उन्हें जल्द रिचार्ज करने के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने जब कैश देने की बात की तो टोल कर्मी उनके साथ दुर्व्यवहार पर उतर आए। अभिजीत ने आरोप लगाया कि इस दौरान उनके साथ मारपीट भी की गई, बाद में आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मामले को किसी तरह सुलझा लिया। अभिजीत द्वारा अभी तक इस मामले में किसी प्रकार की कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी गई है।

# राज्यसभा चुनाव के बाद बढ़ी भूपेंद्र हुड्डा की साख : फरमाणा

सोनीपत, 17 जून (हप्र)



पूर्व विधायक सुखबीर फरमाणा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा की साख बढ़ी है। वे अपने विधायकों को एकजुट रखने में पूरी तरह से कामयाब रहे। फरमाणा ने कहा कि प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर केवल और केवल भूपेंद्र हुड्डा ही लेकर जा सकते हैं। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में यह सिद्ध भी कर दिया था। हुड्डा के कार्यकाल में प्रदेश खुशहाली के दौर में था। युवाओं को रोजगार से लेकर सुरक्षा के तक की कसौटी पर प्रदेश में पुख्ता काम किया गया था। किसानों, कर्मचारियों व व्यापारियों के लिए अनेक योजनाओं से विकास का मार्ग प्रशस्त किया गया था। इधर, वर्तमान सरकार की केवल घोटालों व घपलों के अलावा कुछ भी उपलब्धि नहीं है। यही कारण है कि कभी किसान, कभी युवा तो कभी कर्मचारी व व्यापारी सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर है। सरकार लोगों को धर्म के नाम पर लड़वा रही है जबकि महंगाई व बेरोजगारी की बात तक नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खट्टर सरकार का सफाया होना तय है और प्रदेश की जनता एक बार फिर प्रदेश की बागडोर भूपेंद्र हुड्डा के हाथों में सौंपने का मन बना चुकी है।

# इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इवेंट से लौटे परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व विधायक नरेंद्र गुप्ता



फरीदाबाद लौटने पर परिवहन मंत्री पं.मूलचंद शर्मा व विधायक नरेन्द्र गुप्ता का स्वागत करते कार्यकर्ता। -हप्र

फरीदाबाद, 17 जून (हप्र)

हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा और फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ओस्लो नॉर्वे में विश्व के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इवेंट के 35 वें संस्करण से देर रात भारत पहुंचे। यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल यूरोप के देश नार्वे पहुंचा था। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन आज के समय की डिमांड है। ओस्लो में आयोजित इलेक्ट्रिक वाहन संगोष्ठी और प्रदर्शनी में विश्व भर की कंपनियों ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रदर्शित किया है।

# हिंदी व विज्ञान प्रश्नोत्तरी में रौनक, सबिना प्रथम

**रेवाड़ी (हप्र) :** राजकीय महाविद्यालय, कोसली में शुक्रवार को हिंदी और विज्ञान विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगितामें रौनक और सबिना ने प्रथम, रोहित और प्रमोद ने दूसरा व साक्षी, अंजलि तथा पूजा और पिंकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी, नारनौल, कृषि विभाग रेवाड़ी रोड़, नारनौल के कार्यालय में पावर डस्टर, हैंड़ रोटरी डस्टर व नैप सैक स्प्रेयर सामान की नीलामी दिनांक : 23/06/2022 को सुबह 10 बजे होनी है। इच्छुक बोलीकर्ता किसी भी कार्यालय दिवस में सामान का निरिक्षण कर सकता है। जो भी पार्टी यह सामान खरीदना चाहे वो मौके पर उपस्थित होकर बोली लगा सकता है। बोली के नियम व शर्ते मौके पर ही बता दी जायेंगी।

**सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी नारनौल।**

**Before the Estate Officer, HSIIDC, Gurugram Name of IDC, Gurugram-1**

**PUBLIC NOTICE**

Subject: Transfer of ownership in respect of constructed/ unconstructed Property/ Plot No. 62, Sector- 16, IDC, Gurugram-I consequent upon the intestate death of allottee/Co-allottee Sh./Smt./Ms. Uma Virmani W/o Late Sh. Satish Chand R/o Plot No. 18, Sector-17, Gurugram, Haryana

Sh./Smt./Ms. Uma Virmani who was the allottee/Co-allottee of the subject cited property as per record has/have died on 30-05-2021 and has no registered or un-registered will, leaving behind following legal heirs:

1. Sumeet Virmani (son), 2. Urvashi Narang (daughter), 3. Meenakshi Khullar (daughter)

Sh. Sumeet Virmani intends/intend to apply for the transfer of the said property in his favour being the legal heir and request for re-allotment in the names(s) of Sumeet Virmani.

If any person is having any objection against the transfer of ibid plot/house, he/she can submit objections in writing to the Estate Officer, HSIIDC, Gurugram, along with supporting documents within 30 days from the date of publication of this notice, otherwise the Estate Officer may accord permission to transfer/re-allotment of the said property as per HSIIDC policy and may not entertain subsequent claim, if any.

Name: Sumeet Virmani,
Legal heir on behalf of Estate Officer

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that Plot No. 1888 (Old No. K-339) in Sector A, in our Greenfields Colony, stood allotted in the name of Smt Satya Aggarwal W/o Shri R P Aggarwal R/o R-1, Green Park, New Delhi-110016 since 30.08.1984. The company received a letter from Shri Pradeep Aggarwal, Son of Smt Satya Aggarwal informing about the sad demise of his mother, the above allottee on 24.09.2016 and further requested the company to substitute the above plot in his favour on the basis of nomination of his late mother dated 25.10.1990, which was confirmed by the Company vide its letter dated 06.11.1990. Anyone having any objection to the substitution of the above plot in favour of Shri Pradeep Aggarwal, Son of deceased allottee, submit their objection within 30 days to Urban Improvement Co (P) Ltd, F-32, Connaught Place, New Delhi, INDIA.

Parveen Kumar
Sr. General Manager
Urban Improvement Co (P) Ltd,
F-32, Connaught Place, New Delhi, INDIA

**R.D. COLLEGE OF EDUCATION**

Mukundpur N.N. Road, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar Ph. 9896205954, 9466862999
(Affiliated to MDU, Rohtak & Recognized by NCTE Jaipur)
E-mail ID : rdeducationsociety@gmail.com Website : www.rdeducation.org

**CORRIGENDUM**

In reference to advertisement published in Newspaper, The Times of India (English), The Tribune (English), Dainik Tribune (Hindi), on dated April, 15, 2022, for recruitment of various Teaching and Non Teaching posts in the college, be treated issued by President of the Governing Body of R.D. College of Education.

**PRESIDENT**

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. नं. | बोर्ड/निगम/ अथारिटी का विवरण | कार्य/निविदा सूचना का विवरण | खोलने की तिथि अंतिम तिथि (समय) | राशि/ धरोहर राशि (अनु.) रु. में | बोर्ड / निगम अथारिटी की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी गुरुग्राम | हाल में ही पाकेट 1 व 2, सेक्टर 16, गुरुग्राम में हाल में ही क्लियर की गई पार्किंग तथा पेवमेंट का निर्माण, जल आपूर्ति सीवरेज प्रदान करना, 100 एमएम आई/डी डीआई पाइप तथा 200 एमएम आई/ डी एसडब्ल्यू पाइप को प्रदान करना व बिछाना, मैनहोल का निर्माण, अर्थ वर्क, एम-बैंकमेंट, जीएसबी 200 एमएम, डब्ल्यूएमएम 200एमएम, 20एमएम मोटी प्रिमिक्स सरफेस विद बी टाइप सील कोट, 80 एमएम मोटे इंटरलाकिंग पेवर ब्लाक तथा कर्ब्ज विद पेंटिंग तथा अन्य सभी सम्बद्ध फुटकल कार्य करना। | 16.06.2022 02.07.2022 | 62.85 LACS | https:// etenders. hry. nic.in | 9999615511 xen1hudaggn@ gmail.com |

अधिक विवरण हेतु कृपया पधारें- www.haryanaeprocurement.gov.in या www.etenders.hry.nic.in

PRDH-13/2023/40/10418/I/11/6


# निर्दलीय प्रत्याशी के लिये किरण का रोड़ शो
## 'विकास के लिए मीनू अग्रवाल को जितायें'



भिवानी नप की कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी मीनू अग्रवाल के समर्थन में रोड शो निकालतीं पूर्व मंत्री किरण चौधरी। -हप्र

भिवानी, 17 जून (हप्र)

कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री किरण चौधरी ने कहा कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचार के खिलाफ व शहर के विकास को लेकर है। इस लड़ाई में शहरवासियों के साथ की जरूरत है। इसलिए वे शहर के लोगों से अपील करती हैं कि कांग्रेस समर्थित मीनू अग्रवाल को चुनकर नगर परिषद की चेयरपर्सन बनाएं।

किरण चौधरी शुक्रवार को नप चेयरपर्सन की उम्मीदवार मीनू अग्रवाल के समर्थन में रोड शो में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी। किरण चौधरी ने कहा कि चौधरी बंसीलाल परिवार ने हमेशा भिवानी के विकास की बात सोची है। चौ सुरेन्द्र सिंह ने हमेशा यहां के लोगों की भलाई के लिए कार्य किए। स्व.रामभजन अग्रवाल ने चौधरी बंसीलाल के साथ मिलकर भिवानी का विकास करवाया। अग्रवाल परिवार राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में आगे रहता है। ऐसे में वे लोगों से अपील करती हैं कि मीनू अग्रवाल को भारी मतों से जीत दिलवाएं।

उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई भ्रष्टाचार से है। शहर का विकास करवाना ही उनकी प्राथमिकता है। मीनू अग्रवाल ने कहा कि शहर की जनता ने अगर उन्हें मौका दिया तो कोई शहरवासी निराश नहीं होगा।

# 90 लाख में तैयार होगा मवई से तिलपत मार्ग

बल्लभगढ़,17 जून (निस)

विधायक राजेश नागर ने आज मवई से तिलपत जाने वाली सडक़ का निर्माण से पूर्व निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वह मॉनसून के आने से पहले सड़क का निर्माण पूरा कर लें जिससे कि लोगों को बारिश के मौसम में दिक्कत का सामना न करना पड़े।

विधायक राजेश नागर ने बताया कि मवई से तिलपत जाने वाली सडक़ का निर्माण जनता की सुविधा को देखते हुए किया जा रहा है। इस सड़क के निर्माण पर करीब 90 लाख रुपये की लागत आएगी। जिसे मार्केट कमेटी द्वारा तैयार किया जा रहा है।

इस दौरान विधायक ने सड़क मार्ग पर जलजमाव वाले क्षेत्रों को अधिकारियों से ही चिन्हित करवाया जिससे कि सड़क बनाते समय उन जगहों के लेवल को सही किया जा सके।

# कै. अजय सिंह ने वापस लिये शब्द

रेवाड़ी/गुरुग्राम, 17 जून (हप्र/निस)

कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय चेयरमैन व पूर्व मंत्री कै. अजय सिंह यादव ने कहा कि वे गुर्जर समाज का सदैव सम्मान करते रहे हैं लेकिन कुछ राजनीतिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल कर यह जताने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्होंने गुर्जर समाज के प्रति कुछ गलत शब्द बोले हैं जबकि सच्चाई इसके विपरीत है। कै. अजय सिंह ने यह सफाई शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। कै. अजय ने कहा कि राजनीतिक तत्व इस मामले को तूल देना चाहते हैं। उनका मकसद गुर्जर समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। यदि समाज के लोगों को बुरा लगा हो तो वे अपने शब्द वापस लेते हैं। ताकि समाज का भाईचारा कायम रहे। उन्होंने और उनके परिवार ने सदैव गुर्जर समाज का सम्मान किया है।

# डबल इंजन सरकार में तेज हुआ हरियाणा का विकास : तीरथ सिंह



बल्लभगढ़ के गांव महमदपुर में शुक्रवार को उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत व रूप सिंह नागर का स्वागत करते भाजपा नेता सतबीर कसाना। -निस

बल्लभगढ़,17 जून (निस)

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत का यहां ग्रेटर फरीदाबाद के महमदपुर गांव पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इसका आयोजन भाजपा नेता सतबीर कसाना ने किया। कसाना ने रावत को चांदी का मुकुट और गदा भी भेंट की। तीरथ सिंह रावत ने कहा कि आज हरियाणा में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। इस सरकार ने हरियाणा की जनता का जीवन सरल करने की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जब तब भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है, तब तक यहां नामुमकिन कुछ भी नहीं है। तीरथ सिंह रावत यहां भाजपा नेता सतबीर रावत के आग्रह पर गांव महमदपुर पहुंचे थे। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया।


